पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

——————

# लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार

———————

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर के वर्तमान कुलपति का कार्यकाल नियमित कुलपति की नियुक्त होने तक विस्तारित

——————

लखनऊः 20 मई 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। आज जारी एक आदेश में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय को नियमित कुलपति की नियुक्त होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, अपने वर्तमान दायित्वों के साथ–साथ सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति पद के दायित्व का निर्वहन करने हेतु नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के वर्तमान कुलपति प्रो0 राजाराम शुक्ल का कार्यकाल 23 मई, 2021 को समाप्त हो रहा है।

इसके अतिरिक्त राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के नियमित कुलपति की नियुक्त में कुछ समय लगने के कारण वर्तमान कुलपति प्रो0 सुरेन्द्र दुबे का कार्यकाल नियमित कुलपति की नियुक्त होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, विस्तारित किया है।

ज्ञातव्य है कि कुलपति प्रो0 सुरेन्द्र दुबे का कार्यकाल 21 मई, 2021 को समाप्त हो रहा है।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी /राजभवन (224/11)